**19.12.2024**

**प्रेस प्रकाशनी**

**सीबीएसई ने पांच राज्यों और एक संघ राज्य क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया**

**नई दिल्ली, 19 दिसंबर, 2024 –** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक मानकों को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत 18 और 19 दिसंबर, 2024 को छह क्षेत्रों के 29 स्कूलों में औचक निरीक्षण किया। ये निरीक्षण 18 दिसंबर को दिल्ली में और 19 दिसंबर को बेंगलुरु (कर्नाटक), पटना (बिहार), बिलासपुर (छत्तीसगढ़), वाराणसी (उत्तर प्रदेश) और अहमदाबाद (गुजरात) में किए गए।

सीबीएसई के एक अधिकारी और एक संबद्ध स्कूल के प्रिंसिपल से गठित कुल 29 टीमों ने सीमित समय सीमा के भीतर समन्वित तरीके से ये निरीक्षण किए ताकि निरीक्षणों में आश्चर्य का तत्व और निष्कर्षों की सटीकता सुनिश्चित की जा सके।

इन निरीक्षणों का प्राथमिक उद्देश्य सीबीएसई के मानदंडों और संबद्धता उपनियमों के अनुपालन का मूल्यांकन करना था। निरीक्षण दलों ने छात्र नामांकन रिकॉर्ड, बुनियादी सुविधाओं और स्कूलों के समग्र कामकाज की पुष्टि करने पर ध्यान केंद्रित किया।

निरीक्षण किए गए अधिकांश स्कूलों में छात्रों के उनके वास्तविक उपस्थिति रिकॉर्ड से ज्यादा नामांकन के कारण बोर्ड के संबद्धता उपनियमों का उल्लंघन पाया गया, जिससे प्रभावी रूप से "उपस्थिति के बिना" नामांकन देखे गए। इसके अतिरिक्त, स्कूल बोर्ड के बुनियादी ढाँचे के मानदंडों का उल्लंघन करते पाए गए।

सीबीएसई ने इन उल्लंघनों को गंभीरता से लिया है और नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की प्रक्रिया में है। बोर्ड दोषी संस्थानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पर भी विचार कर रहा है।

सीबीएसई उच्चतम शैक्षिक मानकों को बनाए रखने और अपने नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। ये निरीक्षण सभी संबद्ध स्कूलों द्वारा पारदर्शिता, जवाबदेही और इसके दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित किए जाने के लिए बोर्ड द्वारा जारी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है।

| **क्र. सं.** | **निरीक्षण किये गये विद्यालयों की सूची** | **राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र** |
|---|---|---|
| 1 | होप हॉल फाउंडेशन स्कूल सेक्ट-VII आर के पुरम | दिल्ली |
| 2 | जागृति पब्लिक स्कूल रतिया मार्ग संगम विहार | दिल्ली |
| 3 | ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, ब्लॉक-4 के सामने, नेहरू नगर | दिल्ली |
| 4 | जेएन INT स्कूल जगदमा कॉलोनी गांव आली | दिल्ली |
| 5 | नव ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल विजया एन्क्लेव पालम रोड | दिल्ली |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | एसडी मेमोरियल विद्या मंदिर महावीर एन्क्लेव द्वारका | दिल्ली |
| 7 | नवयुग कॉन्वेंट स्कूल सैनिक एन्क-2 झारोदा | दिल्ली |
| 8 | सीआर ओएसिस कॉन्वेंट स्कूल नजफगढ़ | दिल्ली |
| 9 | न्यू कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल रावता | दिल्ली |
| 10 | सेंट्रल एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 10 द्वारका | दिल्ली |
| 11 | दीन बंधु पब्लिक स्कूल | दिल्ली |
| 12 | ब्रह्म शक्ति पब्लिक स्कूल | दिल्ली |
| 13 | इंद्रप्रस्थ कॉन्वेंट स्कूल | दिल्ली |
| 14 | रिचमंड ग्लोबल स्कूल | दिल्ली |
| 15 | ग्लोरियस पब्लिक स्कूल | दिल्ली |
| 16 | आकाश इंटरनेशनल स्कूल | दिल्ली |
| 17 | होली इंटरनेशनल स्कूल | दिल्ली |
| 18 | होली वर्ल्ड स्कूल अर्जुन पार्क ईश्वर कॉलोनी नजफगढ़ | दिल्ली |
| 19 | श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल | बेंगलुरु, कर्नाटक |
| 20 | नारायण ओलंपियाड स्कूल | बेंगलुरु, कर्नाटक |
| 21 | राज इंग्लिश स्कूल शिवपुरवा | वाराणसी, उत्तर प्रदेश |
| 22 | हैप्पी मॉडल स्कूल, कुरहुआं 323 चितूपुर | वाराणसी, उत्तर प्रदेश |
| 23 | सेंट केसी मेमोरियल इंग्लिश स्कूल, नवेदा जल्हुपुर | वाराणसी, उत्तर प्रदेश |
| 24 | सत्यम इंटरनेशनल बोरिया गौरीचक | पटना, बिहार |
| 25 | एकलव्य शैक्षिक कोम्प्लेक्स पलांगा | पटना, बिहार |
| 26 | निर्माण हाई स्कूल वस्त्रपुर दशक्रोई | अहमदाबाद, गुजरात |
| 27 | न्यू ट्यूलिप इंटरनेशनल स्कूल, बोपाल | अहमदाबाद, गुजरात |
| 28 | मॉडर्न एडूकेशनल अकादमी | बिलासपुर छत्तीसगढ़ |
| 29 | इंटेलिजेंट पब्लिक स्कूल | बिलासपुर छत्तीसगढ़ |

हस्ता/-

**सचिव ,सीबीएसई**